शरद पूर्णिमा पर गर्भगृह से बाहर पधारे श्रीराम-जानकी, देर रात तक गूंजा भजन-कीर्तन

भैरोगंज (संसू)। थाना क्षेत्र के कपरधिका स्थित श्रीराम-जानकी मंदिर में शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर विशेष धार्मिक आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर के गर्भगृह से प्रभु श्रीरामचंद्र जी माता जानकी सहित बाहर पधारे। भगवान श्रीराम और माता जानकी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस दौरान देर रात तक प्रभु श्रीराम के नाम का संकीर्तन और भजन-कीर्तन चलता रहा। श्रद्धालु भक्ति गीतों में लीन होकर भगवान का गुणगान करते रहे। नाल की थाप और भक्ति संगीत से मंदिर परिसर गुंजायमान रहा। आयोजन के दौरान श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का समापन आरती के साथ की गई। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में मंदिर के पुजारी पंडित मोहन पाण्डेय के साथ नवल तिवारी,बिजय राव,अनुप्रास तिवारी,दिनेश राव, अवध किशोर सिंह, चन्द्रभुषण तिवारी, हर्षित कुमार,रामनारायण पड़ित, अजय सिंह,विनय सिंह, सुमेश्वर सिंह,लक्ष्मण गोड़ और हरिश्चंद्र सिंह सहित अन्य श्रद्धालुओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं, भजन-कीर्तन में नाल वादन के लिए जागु राम और राजेश राम तथा बंधु राम, नागेश्वर सिंह सहित अन्य लोगों ने सराहनीय योगदान दिया। शरद पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम से क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा।

गंडकी महाआरती आयोजित

वाल्मीकिनगर (पचं)। वाल्मीकिनगर स्थित त्रिवेणी संगम के नारायणी नदी (गंडक नदी) के तट पर विराजमान काली घाट पर प्रबुद्ध मंच के द्वारा गणमान्य लोगों के द्वारा नारायणी नदी के तट पर स्थित काली घाट पर दीप



शरद पूर्णिमा के अवसर पर रविवार की शाम वर्षों पूर्व से परंपरागत रूप से मनाई जाने वाली गंडकी नारायणी महाआरती तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रबुद्ध मंच के संयोजक विनय कुमार सिंह ने बताया कि प्रत्येक पूर्णिमा पर वाल्मीकिनगर के प्रबुद्ध लोगो के सहयोग से नारायणी नदी के तट पर स्थित काली घाट पर महाआरती का आयोजन किया जाता है। तथा इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपति से पुरस्कृत शिक्षक मोहन प्रसाद श्रीवास्तव, विजय गुप्ता, मोहन मिश्रा, संजय कुमार यादव, कुंदन कुमार आदि प्रज्ज्वलित कर किया गया। महाआरती के पश्चात आयोजित की गई सांस्कृतिक कार्यक्रम में गायन तथा वादन मंडली के द्वारा प्रस्तुत किए गए गजल तथा भजन ने श्रोताओं के बीच संगीत का अदभुत समा बांध दिया। श्रोता भी मंत्रमुग्ध होकर भारत माता की जय तथा हर हर महादेव का जयकारा लगा रहे थे।

विवाहिता हत्याकांड में पति गिरफ्तार, सास व देवर फरार

सिकटा (संवाद सूत्र)। स्थानीय थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव में विवाहिता रिंकी देवी (20) की हत्या के मामले में पुलिस ने उसके पति राहुल कुमार साह (28) को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के करीब दो महीने बाद हुई इस गिरफ्तारी के बाद पुलिस फरार सास और देवर की तलाश में छापेमारी कर रही है। प्रभारी थानाध्यक्ष शशिकांत दुबे ने बताया कि हत्या के मामले में आरोपित पति को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। मामले के अनुसंधानकर्ता दारोगा सच्चिदानंद सिंह के अनुसार, मृतका का देवर घटना से पहले ही निजी कंपनी में काम करने के लिए बाहर रहता है, जबकि उसकी सास मालती देवी फरार है। गौरतलब है कि बीते 22 अगस्त की शाम पुलिस ने सूचना मिलने पर लक्ष्मीपुर गांव स्थित घर से रिंकी देवी का शव फंदे से लटकता हुआ बरामद किया था। इस मामले में पूर्वी चंपारण जिले के रामगढ़वा थाना क्षेत्र के चिउटांहा निवासी मृतका के पिता रामस्वरूप साह के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्राथमिकी में दहेज में बुलेट बाइक नहीं देने पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया गया था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

जलापूर्ति योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करें सुनिश्चित : डीएम

जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक सम्पन्न

बेतिया। जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, पश्चिम चंपारण, बेतिया की अध्यक्षता में आज कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली, 2026 के अनुपालन तथा जिले में संचालित स्वच्छता एवं जलापूर्ति योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में प्रगति की समीक्षा करते हुए जिला पदाधिकारी द्वारा जिला पंचायती राज पदाधिकारी को विभागीय दिशा-निर्देशों के आलोक में सभी ग्राम पंचायतों में इसके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, एसडब्ल्यूएम नियमावली, 2026 के प्रावधानों के प्रभावी अनुपालन हेतु उप विकास आयुक्त को जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों का अभिमुखीकरण(ओरियंटेशन)आयोजित कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया, ताकि नियमावली के प्रावधानों की जानकारी सभी संबंधित पदाधिकारियों को उपलब्ध हो सके। बैठक में जिला जल एवं स्वच्छता समिति के एजेंडे के अनुरूप ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन योजनाओं के संचालन एवं रखरखाव, महादलित टोलों में शौचालय निर्माण, सामुदायिक स्वच्छता परिसरों की क्रियाशीलता, कचरे से जैविक खाद निर्माण, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, जलापूर्ति योजनाओं की क्रियाशीलता, बंद चापाकलों की मरम्मत, पेयजल संबंधी शिकायतों के निष्पादन, जल गुणवत्ता की निगरानी तथा हर घर जल प्रमाणीकरण सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा की गई। बैठक में संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए जिले में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जाए।

दुर्घटना पीड़ितों को मिले त्वरित कैशलेस उपचार

बेतिया। जिलाधिकारी तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में आज कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, दुर्घटना संभावित स्थलों पर आवश्यक सुधारात्मक उपायों तथा सड़क दुर्घटना पीड़ितों को त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने सहित सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी अमित राज ने बताया कि बेतिया शहर के सुप्रिया रोड पर आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं तथा दुर्घटनाओं में पीड़ितों की संख्या बढ़ रही है। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यपालक अभियंता को आवश्यक निर्देश देते हुए दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करने पर जोर दिया, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। बैठक में प्रधानमंत्री राहत योजना के संदर्भ में सड़क दुर्घटना पीड़ितों को अविलंब कैशलेस उपचार उपलब्ध कराने पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन, यातायात डीएसपी एवं जिला परिवहन पदाधिकारी को आपसी समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया, ताकि दुर्घटना पीड़ितों को समय पर उपचार मिल सके और उपचार की प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब न हो। जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा से संबंधित मामलों में संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर बल दिया। बैठक में नगर आयुक्त, नगर निगम, बेतिया सुश्री शिवाक्षी दीक्षित, जिला परिवहन पदाधिकारी अमित राज सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बाढ़ राहत राशि और फसल क्षति मुआवजा नहीं मिलने पर प्रदर्शन

बैरिया (आससे)। बैरिया प्रखंड क्षेत्र की लौकरिया पंचायत के वार्ड संख्या-5 स्थित गंभीरपुर महादलित बस्ती के ग्रामीणों ने बाढ़ राहत राशि और फसल क्षति का मुआवजा नहीं मिलने के विरोध में सोमवार को प्रखंड-अंचल कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने प्रशासन पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए अपनी नाराजगी जताई। ग्रामीण संतोष मुखिया, जीतू मांझी, कुंती देवी, मराठी देवी, तारा देवी, मनोज मांझी, अर्जुन मांझी और शिवचंद्र मांझी सहित अन्य लोगों ने बताया कि उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, पहले भीषण आगलगी में उनके घर जल गए थे, लेकिन अब तक मुआवजा नहीं मिला। वहीं, गंडक नदी में आई बाढ़ का पानी करीब दस दिनों तक उनके घरों में जमा रहा। इसके बावजूद उन्हें बाढ़ राहत राशि और फसल क्षति का मुआवजा नहीं मिला। ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी पर शिकायत सुनने के बजाय डांटकर कार्यालय से बाहर निकालने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि अधिकारी पूछते हैं कि वे छह महीने से कहां थे। वहीं, अंचलाधिकारी अजय कुमार ने कहा कि जिन लोगों का ऑनलाइन आवेदन भरा गया होगा, उन्हें नियमानुसार लाभ जरूर मिलेगा।

वारंटी गिरफ्तार

वाल्मीकिनगर (पचं)। जिले में चल रहे समकालीन अभियान के तहत विशेष छापेमारी अभियान में निकले पुलिस अवर निरीक्षक मुन्ना कुमार सिंह के टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई की रोहुआ टोला निवासी एन बी डब्ल्यू का वारंटी कन्हैया बिन पिता सुखल बिन नशे में धुत है।जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए रविवार की देर रात उसके घर पर छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार व्यक्ति को वैज्ञानिक तरीके से जांच करने पर शराब पीने की पुष्टि हुई।बिहार में पूर्ण रूप से शराबबंदी होने के कारण शराब का सेवन या भंडारण कानूनन अपराध है।थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि बिहार मध्य निषेध अधिनियम के तहत थाना कांड संख्या 158/26 दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

सीओ ने सुनी समस्याएं, कई मामलों का हुआ ऑन द स्पॉट निष्पादन

बगहा (संसू)। बगहा एक अंचलाधिकारी रविभूषण गौरव ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगाकर आम लोगों की समस्याएं सुनीं।जनता दरबार में जमीन से जुड़े विवाद,दाखिल-खारिज, परिमार्जन, अतिक्रमण एवं अभियान बसेरा सहित कई तरह के मामले सामने आए।सीओ रविभूषण गौरव ने सभी मामलों को गंभीरता से सुनते हुए कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया।जानकारी के अनुसार लगभग एक दर्जन मामलों का निष्पादन किया गया।वहीं शेष मामलों के लिए संबंधित राजस्व कर्मचारी एवं अमीन को जांच कर जल्द रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया।इस दौरान आम लोगों ने जनता दरबार की पहल की सराहना की।



शौच के बहाने चोर फरार

भागे चोर की दो दिन में गिरफ्तारी के पुलिस के वादे फेल

नौतन। थाना क्षेत्र के खाप टोला गांव स्थित हार्डवेयर दुकान से गल्ला चोरी करने के आरोप में पकड़ा गया युवक थाना सिरिस्ता से शौच करने के बहाने निकलकर फरार हो गया। भागे चोर को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस ने दो दिन में गिरफ्तारी की बात कही थी।तीन दिन बित जाने के बाद भी चोर पुलिस पकड़ से बाहर है।जिसकी चर्चा सबके जुबान से सुनने को मिल रही है।घटना के बाद पुलिस की कार्यशैली और हिरासत में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। यहां बता दें कि खाप टोला गांव निवासी भगवान साह की हार्डवेयर दुकान से गांव का ही चवनी नामक युवक कथित रूप से गल्ला चोरी कर प्रखंड मुख्यालय की तरफ चला गया। वहां वह गल्ला तोड़ने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान कुछ लोगों की नजर उस पर पड़ गई। लोगों ने उसे पकड़ लिया और नौतन सड़क पर घुमाने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। जहां थाने पहुंचने के बाद भी मामला उस समय नया मोड़ ले लिया, जब आरोपित थाना सिरिस्ता से शौच करने के बहाने बाहर निकला और मौका पाकर फरार हो गया। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि चोर की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी अभियान चला रही है।

स्वच्छता को लेकर प्रखंड समन्वयक ने की बैठक

बगहा (संसू)। बगहा एक प्रखंड समन्वयक अखिलेश्वर प्रसाद ने सभी पंचायत सचिव,कार्यपालक सहायक एवं स्वच्छता पर्यवेक्षकों के साथ बैठक की।इस बैठक में प्रखंड समन्वयक ने निर्देश दिया कि सभी पंचायतों में स्वच्छ सेवा आकलन के तहत कार्यो को पूरा कराया जाना है।इसके अंतर्गत पंचायतों में पुराने नालों की साफ-सफाई,सोख्ता गड्ढों का निर्माण एवं एलएसबीए (लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान) से संबंधित सभी कार्यों को ससमय पूर्ण करना है।उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर सभी पंचायतों में विशेष अभियान चलाया जाए और खुले में शौच मुक्त की स्थिति को बनाए रखा जाए।बैठक में सभी कर्मियों को अपने-अपने पंचायत में जाकर कार्यो का भौतिक सत्यापन करने और रिपोर्ट को सौंपने का निर्देश दिया गया।



कायाकल्प योजना को लेकर बैठक

बगहा (संसू)। बगहा एक प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी आलोक कुमार रंजन ने सभी पंचायत रोजगार सेवको के साथ बैठक की।बैठक में मनरेगा अंतर्गत कायाकल्प योजना को लेकर चर्चा की गई।पीओ ने सभी पीआरएस को निर्देश दिया कि कायाकल्प के तहत सर्वांगीण विकास के लिए पंचायतों से योजनाओं का चयन किया जाए।उन्होंने कहा कि विद्यालयों,आंगनबाड़ी केंद्रों,पंचायत सरकार भवनों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों के कायाकल्प हेतु योजनाए ली जानी है,ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाया जा सके।सभी पीआरएस को जल्द से जल्द योजना की सूची तैयार कर प्रखंड कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया गया।

शराब के साथ बाइक सवार गिरफ्तार, बाइक जब्त

नौतन। नौतन थाना पुलिस ने शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान मझौलिया थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव निवासी सोनू कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से 6.840 लीटर शराब बरामद की है। साथ ही शराब ढोने में इस्तेमाल की जा रही बाइक (रजिस्ट्रेशन नंबर ब्रक्र22ब्रछ1349) को भी जब्त किया गया है। इस मामले में नौतन थाना कांड संख्या 537/26 दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार के नेतृत्व में पुलिस शराबबंदी कानून के तहत कार्रवाई कर रही है।

बगहा एक सीओ ने विकास मित्रों के साथ की बैठक

बगहा (संसू)। अभियान बसेरा 2.0 के तहत प्राप्त आवेदनों के त्वरित निष्पादन को लेकर बगहा एक अंचलाधिकारी रविभूषण गौरव ने सभी विकास मित्रों के साथ बैठक की।बैठक के दौरान सीओ रविभूषण गौरव ने निर्देश दिया कि अभियान बसेरा 2.0 से संबंधित जो भी आवेदन विकास मित्रों के पास लंबित है,वे सभी आवेदन अविलंब अंचल कार्यालय में जमा करे,ताकि राजस्व कर्मचारी और अमीन द्वारा स्थल जांच कर तुरंत कार्रवाई की जा सके।उन्होंने कहा कि यह सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है,जिसका उद्देश्य भूमिहीन महादलित परिवारों को बसेरा के लिए जमीन उपलब्ध कराना है।इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी आवेदनों का निष्पादन तय समय सीमा के भीतर करना सुनिश्चित किया जाए।



बाइक की ठोकर से बच्चा जख्मी

सिकटा (संवाद सूत्र)। बलथर थाने के सीमा सडक के ओरिया नदी के पुल के रेलिंग से बाइक सवार एक बच्चे के टक्कराने से गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी बच्चे की पहचान बलथर थाने के बलथर गांव के विजय महतो के पुत्र सूरज कुमार(12)के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार सोमवार की सुबह लगभग साढ़े सात बजे सूरज बाइक से सिकटा बाजार की ओर जा रहा था। इसी बीच मील परसा गांव के नजदीक सीमा सडक के ओरिया नदी के पुल के रेलिंग से अनियंत्रित होकर टक्करा गया।इस घटना में सूरज गम्भीर रूप से जख्मी हो गया।घटना घटने ही राहगीरों की भीङजुट गई। इसी बीच किसी ने सिकटा बाजार स्थित नहर चौक पर मौजूद दारोगा हैदर खां को घटना की खबर दी।खबर मिलते ही दारोगा श्री खां बाइक से घटना स्थल पर पहुंचे और जख्मी सूरज को बाइक पर बैठाकर सीएचसी,सिकटा की ओर निकल पडे।तबतक रेलवे लाइन के नजदीक एम्बुलेंस आ रहा था। दारोगा ने एम्बुलेंस में सूरज को सिफ्ट कर सीएचसी भेजा। वहां सूरज का स्थिति गम्भीर देख डॉ.म. बसरूद्धीन सबीर ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज हेतु जीएमसीएच सह अस्पताल,बेतिया रेफर कर दी।

न्यायालय,
जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-प्रथम
बगहा, प. चम्पारण
विविध वाद सं.-32/2024
प्रवाल मणि त्रिपाठी.............आवेदक
बनाम
सुशील कुमार मिश्रा एवं अन्य.........
.....................................विपक्षीगण

आपको:-(1) सुशील कुमार मिश्र (2) अशोक कुमार मिश्रा (3) देवेश कुमार मिश्र (4) मिथलेश कुमार मिश्र, चारों पिता-स्व. महुसुधन मिश्र (5) अखिलेश्वर नाथ मिश्र (6) दिगिवजय नाथ मिश्र, दोनों, पिता-सोमेश्वर नाथ मिश्र, सभी सा.-मंझरिया, थाना-भैरोगंज, जिला-प. चम्पारण (7) मु. सुमन कुअर, जौजे-स्व. चंडी मणि त्रिपाठी, साकिन-बलुआ, थाना-कैम्पियर गंज, जिला-गोरखपुर (8) कामिनी देवी, जौजे-श्री प्रदव शुक्ला, साकिन-भेदी, पोस्ट-अकवाना, जिला-देवरिया, उपरोक्त विविध वाद सं. -32/2024 में आप लोग विपक्षीगण है। चूं, वजरिये इस नोटिस के विज्ञापन के प्रकाशन के मार्फत इस दैनिक समाचार-पत्र के माध्यम से आपलोगों को सूचित किया जाता है कि प्रस्तुत वाद में आपलोगों की उपस्थिति हेतु सम्मन, रजिस्टर्ड सम्मन जारी किया गया है, लेकिन इसके बावजूद आपलोग न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए और उपस्थिति में टालमटोल कर रहे हैं। अत: आपलोगों को इस दैनिक समाचार-पत्र के विज्ञापन के माध्यम से पुन: आगाह किया जाता है कि उक्त वाद में सुनवाई की अगली तिथि 20.11.26 को है, उक्त तिथि को आपलोग स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से मेरे न्यायालय में 10.30 बजे सुबह उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करते हुए समुचित पैरवी करें, अन्यथा आपलोगों के विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए सुनवाई कर फैसला कर दिया जाएगा।

इसे सख्त ताकिद जानें।

जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-प्रथम
व्यवहार न्यायालय, बगहा प. चम्पारण

10 हजार से अधिक की खरीदारी पर आकर्षक गिफ्ट

✦ मोबाइल खरीदने पर मिल रहे बंपर उपहार ✦ ट्रॉली बैग और रेंजर साइकिल पाने का मौका

गौनाहा (संवाद सूत्र)। गौनाहा प्रखंड के जमुनिया स्थित जावेद मोबाइल दुकान में मोबाइल खरीदारी पर ग्राहकों को बंपर उपहार दिए जा रहे हैं। दुकान के मालिक जावेद अख्तर की ओर से शुरू किया गया यह विशेष ऑफर छठ पूजा तक चलेगा। इस ऑफर के तहत अलग-अलग कीमत के मोबाइल खरीदने पर ग्राहकों को आकर्षक उपहार दिए जा रहे हैं। दुकान संचालक जावेद अख्तर के अनुसार,10 हजार से 20 हजार रुपये तक का मोबाइल खरीदने पर ग्राहकों को 10 गिफ्ट दिए जाएंगे। वहीं, 20 हजार से 30 हजार रुपये तक का मोबाइल खरीदने पर 10 गिफ्ट के साथ एक बड़ी ट्रॉली बैग मिलेगी। इसी तरह,



30 हजार से 40 हजार रुपये तक का मोबाइल खरीदने पर 10 गिफ्ट के साथ एक रेंजर साइकिल दी जाएगी। जबकि 40 हजार रुपये से अधिक कीमत का मोबाइल खरीदने पर 10 गिफ्ट, एक बड़ी ट्रॉली बैग और एक रेंजर साइकिल उपहार स्वरूप दी जाएगी।जावेद अख्तर ने बताया कि जिन ग्राहकों को एकमुश्त भुगतान कर मोबाइल खरीदना संभव नहीं है, वे दुकान पर शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर लोन के माध्यम से भी मोबाइल खरीद सकते हैं।उन्होंने क्षेत्र के ग्राहकों से दुकान पर पहुंचकर इस विशेष ऑफर का लाभ उठाने की अपील की।बताते चलें कि जावेद मोबाइल जमुनिया की सबसे पुरानी मोबाइल दुकानों में से एक है,जो पिछले 15 वर्षों से ग्राहकों को अपनी सेवाएं दे रही है। इस विशेष ऑफर से क्षेत्र के मोबाइल खरीदने के इच्छुक ग्राहकों को आकर्षित करने की उम्मीद है।

पर्यटकों की पहली पसंद बन रहा टाइगर रिजर्व

वाल्मीकिनगर (पचं)। बिहार का कश्मीर वाल्मीकि टाइगर रिजर्व अपनी प्राकृतिक खूबसूरती, स्वच्छ आबो हवा, नारायणी नदी, गंडक बराज, घने जंगल में स्थापित प्राचीन काल के मंदिरों,और टाइगर रिजर्व में वास करने वाले विभिन्न प्रकार के शाकाहारी और मांसाहारी जीव जंतुओं, के अलावा इको पार्क, पर्यटकों को सोशल मीडिया के माध्यम से तेजी से अपनी तरफ आकर्षित कर रहा है। मॉनसून सीजन में लगभग 3 महीने पर्यटकों के लिए जंगल सफारी बंद होने के बाद 17 अक्टूबर से टाइगर रिजर्व फिर से पर्यटकों से गुलजार हो चला है। वाल्मीकि टाइगर रिजर्व की खूबसूरती देश विदेश के पर्यटकों की पहली पसंद बनती जा रही है। प्रत्येक वर्ष पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हो रही है। टाइगर रिजर्व के शांत वातावरण के कारण पर्यटक वाल्मीकि टाइगर रिजर्व का भ्रमण करना प्राथमिकता में शामिल करते हैं। टाइगर रिजर्व पर्यटकों के लिए उपलब्ध रहने की स्थिति में भारी संख्या में पर्यटक वाल्मीकिनगर पहुंचते हैं। जिस कारण विभिन्न प्रकार के रोजगार से जुड़े लोग लाभान्वित होते हैं जैसे ऑटो ड्राइवर, होटल,आवासीय होटल,ठेला रेडी लगाने वाले, मांस विक्रेता के रोजगार में वृद्धि होती है। टाइगर रिजर्व में पर्यटकों के आने से टाइगर रिजर्व प्रशासन को जंगल सफारी, इको पार्क, झुला, के अलावा निजी वाहनों से मंदिरों में जाने वाले पर्यटकों से राजस्व की प्राप्ति होती है। टाइगर रिजर्व में भ्रमण पर आने वाले पर्यटक जंगल के राजा बाघ सहित अन्य जानवरों का दीदार की चाहत रखते हैं। बहुत सारे पर्यटकों को अब तक रॉयल टाइगर के दीदार हो चुके हैं। भालू, तेंदुआ , हिरण के अलावा विभिन्न प्रकार के जानवरों का दीदार होता है और पर्यटक दोबारा टाइगर रिजर्व के भ्रमण को आने के लिए विवश हो जाते हैं।

विद्यालय की जमीन को लेकर विवाद पुराने राजस्व दस्तावेजों की जांच की मांग

योगापट्टी। योगापट्टी प्रखंड क्षेत्र के लक्ष्मीपुर स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय की जमीन को लेकर विवाद सामने आया है। ग्रामीणों ने विद्यालय की भूमि पर कथित कब्जे और जमाबंदी के ऑनलाइन रिकॉर्ड में बदलाव की आशंका जताते हुए प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग किया है। ग्रामीणों का कहना है कि भूमि विवाद के कारण विद्यालय परिसर की चहारदीवारी का निर्माण भी बाधित हो रहा है। ग्रामीण संजीव कुमार कुशवाहा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले को लेकर संबंधित विभागों में आवेदन दिया गया है। स्थानीय विधायक विनय बिहारी के समक्ष भी समस्या रखी गई है। ग्रामीणों के अनुसार, लंबे समय से विवाद के समाधान की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक इसका अंतिम निपटारा नहीं हो सका है।मामले में जमाबंदी संख्या 387, 388 और 389 से जुड़े पुराने राजस्व अभिलेखों की जांच की मांग की गई है। ग्रामीण संजीव कुमार कुशवाहा का दावा है कि जमाबंदी संख्या 388 पहले उनके पिता के नाम पर दर्ज थी। उनका आरोप है कि ऑनलाइन राजस्व रिकॉर्ड में बदलाव होने से भूमि के स्वामित्व को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं रह गई है। हालांकि, इन दावों की पुष्टि संबंधित दस्तावेजों की जांच के बाद ही हो सकेगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से जमीन की विधिवत मापी कराने तथा पुराने खतियान, जमाबंदी और वर्तमान राजस्व अभिलेखों का मिलान करने की मांग की है। उनका कहना है कि विवाद का समाधान नहीं होने से विद्यालय की चहारदीवारी का निर्माण पूरा नहीं हो पा रहा है। इससे विद्यालय परिसर की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है। बताया गया है कि अंचल अधिकारी विक्रम सिंह ने आवेदन मिलने के बाद अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाने की बात कही है। जरूरत पड़ने पर पुलिस बल की सहायता से कार्रवाई किए जाने की भी बात कही गई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासनिक स्तर पर विवाद का समाधान नहीं हुआ, तो वे उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। उनकी मांग है कि पुराने राजस्व दस्तावेजों की जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जाए और नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

जबदस्ती और मारपीट करने का महिला ने पड़ोसियों पर लगाया आरोप

वाल्मीकिनगर (पचं)। वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र के गोनौली निवासी एक महिला ने अपने पड़ोसी कीर्तन महतो और सुभाष गोंड पर सामूहिक रूप से दुष्कर्म करने और मारपीट का आरोप लगाते हुए थाने में आवेदन दे कर प्राथमिकी दर्ज कराई है। महिला ने अपने आवेदन में लिखा है कि उसका पति गुजरात रहकर मजदूरी करते हैं।वो घर में अपने बूढ़ी सास और बच्चों के साथ रहती है।इसी का फायदा उठाते हुए उसके पड़ोसी विगत 06 अक्टूबर को घर में अकेली महिला को देख कर घुस गए और जोर जबरदस्ती करने लगे। महिला के चिल्लाने पर अगल बगल के लोग इकठा हुए और महिला की सास आई जिसके उपरांत 112 पुलिस टिम को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंच कर इसकी जानकारी लेकर आरोपियों को समझा बुझा कर सचेत करा दिया कि आगे से ऐसी गलती नहीं होनी चाहिए। महिला के पति को इस बात की जानकारी मिली तो वह गुजरात से घर आया।इसी दौरान 23 अक्टूबर की शाम में जब उसके पति और सास घर से बाहर टहल रहे थे तभी कीर्तन महतो और सुभाष गोंड नशे की हालत में फिर से उसके घर में घुस आए और उसके कपड़े फाड़ने लगे जब महिला शोर मचाई तो उसके पति और सास घर में आए।उन लोगों को देख कर कीर्तन और उसके दोनों लड़के श्याम,नन्हे तथा सुभाष और उसके दोनों लड़के अमित और सुमित ने मिलकर उसके पति और सास को लाठी डंडो से मारकर बुरी तरह से जख्मी कर दिया, और महिला के सर पर लाठी से वार कर सर फोड़ दिया ।जब पुलिस को इस बात की जानकारी दी गई तो घटनास्थल पर पहुंच कर घायल महिला और उसके पति तथा सास को इलाज के लिए ले गई।वहीं दूसरे पक्ष ने संतोष महतो, रीता देवी तथा मु0 सरस्वती देवी पर आरोप लगाते हुए आवेदन दिया है कि 23 अक्टूबर की शाम जब वो काम कर के लौट रहा था तभी उपरोक्त लोगों के द्वारा उसके घर में घुस कर उसके तथा उसकी पत्नी और बहन पर मारपीट करते हुए पत्नी के गले से 30 हजार मूल्य का मंगलसूत्र चुरा लेने का आरोप लगाया है।साथ ही उनलोगो को मारपीट कर ज़ख्मी कर देने का भी आरोप लगाया है।इस बाबत वाल्मीकिनगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि दोनों पक्ष के आवेदन के आलोक में थाना कांड संख्या 156 और 157/26 दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

घर से बाइक चोरी

नौतन। थाना क्षेत्र के दक्षिण तेल्हुआ गांव में गुरुवार की रात घर से एक बाइक को अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली।इस बावत बाईक स्वामी सरोज राय ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में आवेदन दिया है। पुलिस को बताया कि गुरुवार की रात वह अपना हिरो एच एफ डीलक्स बाईक जिसका नंबर ब्रक्र22ञ्ज-4547 को अपने घर के दलान में लगाकर सोने चले गये। सुबह जब देखा तो बाईक गायब थी। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि आवेदन मिला है पुलिस जांच में जुट गई है।

रवि महाअभियान सह कार्यशाला

वैज्ञानिकों ने सुझाए धरती बचाओ के गुण

लौरिया (संवाद सूत्र)। प्रखंड परिसर स्थित किसान भवन के समक्ष रवि महाअभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रखंड प्रमुख शम्भु तिवारी एवं सहकारिता पदाधिकारी संजीव कुमार पशु चिकित्सक मुकेश कुमार व कृषि पदाधिकारी केशव किशोर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।इस मौके पर प्रखंड प्रमुख ने बताया कि इतना अधिक वर्षा और भयंकर बाढ के बावजूद अपने क्षेत्र के किसानों को धान की अच्छी उपज मिल रही है। उन्होंने किसानों को बताया कि आप अपने कृषि संबंधी किसी तरह के समस्या के समाधान की जानकारी यहां ले सकते हैं। उसके लिए आप प्रश्न करें। वहीं कृषि वैज्ञानिक डा सौरभ दुबे ने बताया कि अधिक उर्वरक और रसायनिक दवाओं से खेती की उर्वरा शक्ति लगातार घट रही है।वह दिन दुर नहीं जब हमारी खेतें बंजर हो जायेंगी। रसायनिक खाद व किटनाशक व पराली जलाने के कारण खेतों से मित्र किटाणु मरते जा रहे हैं। जिस कारण खेतों में उर्वरक के बिना फसल नहीं होती। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में खेतिहर ही सबसे बड़ा आदमी होगा। उर्वरक डालने से उसका प्रभाव उपज पर भी पड़ता है और हम विभिन्न तरह के लोगों से ग्रसीत हो जाते हैं। खेती के साथ अच्छी उपज के लिए उन्होंने एक देशी गाय भी पालने की सलाह दी । उन्होंने बताया कि सिर्फ एक ग्राम देशी गाय के गोबर में दस से तीस करोड़ बैक्टीरिया पाया जाता है जो किसानों के लिए मित्र बैक्टीरिया है। उन्होंने किटनाशक के बदले गाय का मुत्र ही खेतों में छीटने की सलाह दी। मौके पर प्रभात कुमार दीनानाथ ठाकुर नंदकिशोर पासवान नत्थू शर्मा हरेंद्र सिंह दिनेश दुबे सहित दर्जनों किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कृषि समन्वयक अशोक कुमार पाण्डेय ने किया।